हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 15.3 डिग्री


10 पांच किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा ने बाजी मारी





10 उभरते गायकों ने बिखेरा आवाज का जादू




# बेटे ने मां को हरिद्वार स्नान करवाने के बहाने ले जाकर कर दी हत्या

## मृतका का अपने लड़के से चल रहा था पॉपर्टी विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

गांव ससौली निवासी 68 वर्षीय नीलम देवी की उसके लड़के राकेश, पुत्रवधू सुमन व पौते सागर ने हरिद्वार गंगा स्नान करवाने के बहाने उत्तराखंड में डालीपुर बांध के पास ले जाकर गल्ला दबाकर हत्या की थी। बाद में शव को नहर में फेंक दिया था। दो मार्च को सागर ने अपनी दादी की गुमशुदगी की रिपोर्ट फरकपुर पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने जब शक के आधार पर सागर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि राकेश का अपनी मां नीलम से पॉपर्टी को लेकर विवाद था। जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

- पुलिस ने आरोपी मृतक महिला के लड़के, पुत्रवधू व पौते के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि दो मार्च को गांव सुढल निवासी सागर ने थाने में अपनी दादी नीलम देवी की लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में सागर ने कहा था कि वह अपनी बुआ के पास अंबाला के दुखेड़ी में रहता है। जबकि उसका पिता राकेश व मां सुमन दहरादून में रहते हैं। उसकी अपनी दादी से 16 फरवरी को बात हुई थी। उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले की जांच की तो पता चला कि 18 फरवरी को आरोपी राकेश, सुमन व सागर गांव सुढल में आए थे। तभी से नीलम भी लापता थी। पुलिस ने शव के आधार पर जब सागर को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया तो आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सागर ने बताया कि उसके पिता राकेश का दादी नीलम के साथ पॉपर्टी को लेकर विवाद था। उसके पिता को शक था कि उसकी दादी गांव की पॉपर्टी बेचने के बाद उसे कुछ नहीं देगी। जिस पर उन्होंने गांव में आकर अपनी दादी को हरिद्वार गंगा स्नान करने के बहाने कार में उत्तराखंड के डालीपुर बांध के पास ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद उसके शव को नहर में फेंक दिया। इस दौरान उत्तराखंड की बिकासनगर पुलिस को नहर से महिला का एक शव बरामद हुआ था। उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसका संस्कार करवा दिया था। फरकपुर पुलिस ने मामले में विकासनगर पुलिस से भी इसकी पुष्टि करवाई है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



यमुनानगर की फरकपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपी।

### आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

फर्कपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि तीनों आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। उनसे वारदात में प्रयोग कार व परना बरामद करना है। वारदात स्थल की निशानदेही कराई जानी है।

# ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से देश की महान शख्सियतें सम्मानित

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में मनका रिसोर्ट में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेत्री संगीता बिजलानी ने चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह ने की। वीवीआईपी गेस्ट के रूप में पूर्ण चंद शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, अनिता अरोड़ा, मुख़्तार अंसारी, बृजभूषण बॉबी, बलविंदर कौर व राकेश सचदेवा ने शिरकत की, संगीता बिजलानी का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। संगीता बिजलानी ने मंच के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया बनाने का सन्देश दिया। इस अवसर पर संगीता बिजलानी द्वारा देश की महान शख्सियतों जिनमें तरुण कपूर, वरुण कुमार गोयल, मीनाक्षी गोयल, राजेश गर्ग, सुंदरम राधाकृष्णन, पवन शर्मा, नीलम ठाकुर, मुहम्मद असकर, रजनी शर्मा, डॉ निशा गुप्ता, संदीप कुमार, पंकज गर्ग, आशुतोष चतुर्वेदी, राखी गर्ग, संजीव कुमार बंसल, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बक्रिम चौधरी, पवन देवगन ठाकुर, अजीत राही, कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, गोपी चंद, गंगाराम, शैलजा गुप्ता, डॉ गुरप्रीत कौर, पायल मत्तिल, फिरदौस अली, अधिवक्ता अनिल कुमार मलिक, कार्तिकेयन, ईशा चौधरी, सतीश मल्होत्रा, जयरामन, रोहित कौशल, अधिवक्ता योगेश अरोड़ा, अजय कुमार, उजमा साहब, अमित शुक्ला, मुहम्मद राशिद, विशाल भास्कर, विमल आदि को ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। मौके पर भाटिया इवेंट्स के संस्थापक जोनी भाटिया व संदीप भाटिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

- अभिनेत्री संगीता बिजलानी ने मंच के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया बनाने का सन्देश दिया



अभिनेत्री संगीता बिजलानी सम्मानित करती हुई।






# तीन मंजिला मिठाई शॉरूम में लगी आग

## कपड़े व जूतों के शोरूम को भी चपेट में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल में कुंजपुरा रोड पर तीन मंजिला मिठाई के शोरूम में अचानक आग लग गई। मिठाई की दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हुए है। जिनकी धमक दूर दूर तक सुनाई दी। मिठाई के शॉरूम से सटे कपड़े व जूतों के दो अन्य शोरूम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद आसपास के एरिया में अफरा तफरी मच गई। आग लगने के काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। शॉरूम के बाहर खड़ी एक्टिवा बाइक भी जलकर राख हो गई।

- शॉरूम के बाहर खड़ी एक्टिवा बाइक भी जलकर राख हो गई

बताया जा रहा है कि मिठाई के शॉरूम के ऊपर ही हलवाई मिठाई बनाने का काम करते है और ऊपर ही हलवाई व अन्य लेबर सोती है। जब आग लगी तो उस वक्त लेबर ऊपर ही थी। बताया जा रहा है कि लेबर साथ वाली बल्डिगिं पर पहुंच गई और वहां से किसी तरह सुरक्षित नीचे कूद गई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### खंडहर में बदल गई मिठाई की दुकान

रात करीब 3 बजे आगजनी हुई। आग इतनी भयानक थी कि सारा सामान जलकर राख हो गया। शोरूम अब सिर्फ खंडहर में बदला हुआ है। दुकान के मालिक सिर्फ अपनी दुकानों को देखकर आंसू बहा रहे हैं। उनकी रोजी रोटी का साधन जलकर खाक हो चुका है। आगजनी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुकानों के शटर भी पिघल चुके थे। जिनको फायर कर्मचारियों ने मुश्किल से तोड़ा और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। चूंकि आग तीसरी मंजिल तक पहुंची हुई थी, इसलिए फायरकर्मियों को लंबी लंबी सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा। जांच अधिकारी ने बताया कि रात को मिठाई के शॉरूम में आग लग गई थी। आग लगने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गई थी और फायर की गाड़ियों ने आग पर पानी की बौछारे की और आग पर काबू पाया। करोड़ों रुपये के नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है।

# ब्लैक फिल्म लगे बारह वाहनों के चालान किए

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म की गाड़ियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चलान कर कार्रवाई अमल में लाई गई। अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा 12 ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक विशेष अभियान चलाया गया। इस संबंध में यातायात प्रबंधक व थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को विशेष निर्देश दे दिए गए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक शेखावत ने कहा कि चालक गाड़ियों में काले शीशे नहीं लगवा सकते, क्योंकि ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों का इस्तेमाल आपराधिक कामों में हो सकता है। इसलिए गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म लगाना यातायात के नियमों के विरुद्ध है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी 12 गाड़ियों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर ब्लैक फिल्म उतारी गई है। एसपी शेखावत ने आमजन से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वे यातायात के नियमों का पालन जरूर करें उनकी अनदेखी न करें। इसके अलावा उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि यदि आपको कोई भी पटाखा बाइक चालक बुलेट पटाखा बजाता या किसी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगी मिले तो आप तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं।

- ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ



पानीपत। कार में लगी काली फिल्म उतारते हुए पुलिस टीम।




## खबर संक्षेप



### डॉ. प्रीत बनी बीजेपी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष

**रादौर।** भाजपा द्वारा डॉ. प्रीत गर्ग को लगातार तीसरी बार रादौर की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रीत गर्ग का महिलाओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। नवनियुक्त महिला मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रीत गर्ग ने बताया कि भाजपा की ओर से लगातार तीसरी बार उन्हें महिला मंडल अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, वह उसका पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पालन करेंगी। इस अवसर पर महामंत्री संगीता देवी, महामंत्री रानी सैनी, बबीता गुप्ता व मीडिया प्रभारी दिवाँशी कांबोज आदि मौजूद रही।

### दो घरों से नकद रुपये बर्तन व मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने दो घरों से हजारों रुपये का सामान व नकदी चोरी कर ली। थाना फर्कपुर पुलिस को दी शिकायत में अमरपुरी कॉलोनी के राम गोपाल शोरी ने बताया कि वह सितंबर 2022 को अपने घर को बंद करके शिमला गया था। रविवार को जब वह घर पहुंचा तो देखा कि चोरों ने उसके घर से पानी की मोटर, आठ टोंटी, रसोई के बर्तन खिड़कियां तोड़ कर गैस सिलिंडर चोरी कर लिए है। गांव हरिपुर जाट्टान निवासी सुरेश पाल ने बताया कि वह रात को खाना खाकर सो गए थे। रात में आंख खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल था।

### शहीद मंगल पांडे के चित्र पर किया पुष्प अर्पित

**रादौर।** दून पब्लिक स्कूल बुबका में सोमवार को शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल रेखा कांबोज के नेतृत्व में स्कूल के स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने शहीद मंगल पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रिंसिपल रेखा कांबोज ने कहा कि 29 मार्च 1857 को कोलकाता के निकट बैरकपुर में, मंगल पांडे ने ब्रिटिश सेना पर हमला किया । एक देशी सिपाही ने पांडे को सेनापति और सर्जेंट मेजर की हत्या करने से रोकने का प्रयास किया। पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया और मौत की सजा सुनाई गई। 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को फांसी दे दी गई।

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

# तनु और हर्षिता को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया





**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फेयरवैल पार्टी के दौरान कैटवॉक करती छात्राएं व डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फेयरवैल पार्टी के दौरान विजेताओं को सम्मानित करती अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

### एम.कॉम द्वितीय वर्ष की मल्लिका व बीएससी मैथ ऑनर्स की साक्षी को मिस थीम चुना गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को सीनियर्य स्टूडेटस के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका थीम पर्पल हिप्पल रखा गया। इस दौरान बी.कॉम अंतिम वर्ष की हर्षिता व फैशन डिजाइनिंग विभाग की तनु को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। एम.कॉम द्वितीय वर्ष की मल्लिका व बीएससी मैथ ऑनर्स की साक्षी को मिस थीम चुना गया। मौके पर दिल्ली स्थित नेचर बांड नरचरेंस की मैनेजिंग डायरेक्टर शशि कुमार व मेकअप टेक्निशियन टिशा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रही। छात्राओं ने हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी व वेस्टर्न गीतों पर शानदार नृत्य कर समां बांध दिया।

मनीषा ने पंजाबी गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोमल व साक्षी ने रिमिक्स गीतों पर डांस कर खूब वाहवाही बटौरी। मिस फेयरवेल के चुनाव के लिए पहले राउंड में छात्राओं ने कैटवॉक कर अपना परिचय दिया। दूसरा टैलेंट राउंड रहा। जिसमें उन्होंने गीत, डांस, मिमिक्री आदि की प्रस्तुति दी। निर्णायकों की भूमिका डॉ.अमरदीप कौर, प्रिया, कनिका जैन, मधु व निधि ने निभाई। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ.मीनू जैन ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। समस्याओं से घबराना नहीं बल्कि उनका डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन के किसी मुकाम पर छात्राओं को कॉलेज व टीचर्स की जरूरत पडे. तो वे संकोच न करें। कॉलेज व टीचर हमेशा उनके साथ हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अब वे पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाएं। परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होकर अपने माता-पिता व कॉलेज का नाम रोशन करें। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**यमुनानगर।** कैंप में आयोजित अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए भारतीय मजदूर संघ के नेता। *फोटो: हरिभूमि*

# मोहन लाल गोरी बने भामसं के जिला अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

■ भारतीय मजदूर संघ का शहर के कैंप में आयोजित हुआ अधिवेशन

भारतीय मजदूर संघ यमुनानगर का जिला अधिवेशन शहर के कैंप की शिव मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुआ। अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला व प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू और भवन निर्माण कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर जांगड़ा ने भाग लिया। अधिवेशन में शामिल हुए अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमें मोहनलाल गोरी को जिला अध्यक्ष, संजीव कुमार को उपाध्यक्ष , गुरमेल सिंह को जिला मंत्री व राज ठाकुर को सह सचिव तथा अंजू रानी को नगर सचिव व संजीव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने संगठन को विस्तार देने की बात कही और समय-समय पर संगठन में बदलाव किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने नई नवनियुक्त कार्यकारिणी को जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए आहवान किया। सभी संबंधित यूनियनों को साथ में कार्य करने के लिए कहा। भारतीय मजदुर संघ हमेशा कर्मचारियों की लड़ाई लड़ता रहेगा और आगे वेतन बढ़ोतरी रोजगार सुरक्षा मेडिकल फैसिलिटी इन जैसे मुद्दों पर सरकार से बातचीत करेगा। मौके पर विजय कांबोज, जयकुमार, विनोद, रमेश कुमार, कमल शर्मा, रजत चौधरी, राहुल कांबोज, मांगेराम ,राजेंद्र, संजय व हरिदास आदि मौजूद रहे।

# पेंटिंग से बताया चुनाव का महत्व

■ संत निश्चल सिंह कॉलेज फॉर वूमेन में मतदाताओं को जागरुर करने के लिए पेंटिंग व स्लोगन लेखन का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**



**यमुनानगर।** संत निश्चल सिंह कॉलेज फॉर वूमेन में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

शहर के संत निश्चल सिंह कॉलेज फॉर वूमेन में सोमवार को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी के लिए स्लोगन लेखन व पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेंटिंग व स्लोगन लेखन के माध्यम से छात्राओं ने वोट हमारा अधिकार है और इसके क्या लाभ है के बारे में मतदाताओं को जागरुक किया। मौके पर छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. इंदू शर्मा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को संत निश्चल सिंह कॉलेज फॉर वूमन में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा स्लोगन व पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरुक किया। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में छात्राओं को जहां स्वयं को वोट के महत्व के बारे में जानकारी मिलेगी वहीं दूसरी ओर वह अपने आस पास के लोगों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के बारे में जागरूक भी करेंगी। प्रिंसिपल डॉ. इंदू शर्मा ने बताया कि स्लोगन लेखन व पेंटिंग में छात्राओं द्वारा यह भी दर्शाया गया कि लोकतंत्र में चुनाव का विशेष महत्व है। जिस भी नागरिक की आयु 18 वर्ष हो चुकी है वह अपना वोट जरूर बनवाएं और बनवाने के बाद वोट का प्रयोग भी जरूर करें।

# ग्लोबल इंस्टीट्यूट रादौर में वेबिनार का आयोजन

■ प्रतियोगी परीक्षा पर प्रभावी अध्ययन को लेकर किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर द्वारा आयोजित वेबिनार में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर की ओर से सोमवार को प्रतियोगी परीक्षा पर प्रभावी अध्ययन तकनीक पर लाइव वेबिनार का आयोजन किया गया। आगामी ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) और एनआईपीईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में छात्रों की सहायता के प्रयास में, फार्मालाइट के सहयोग से आयोजित वेबिनार में सभी छात्रों ने भाग लिया।

वेबिनार में अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने परीक्षा प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक इच्छुक फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भागीदारी हुई। मुख्य वक्ता अष्टभुजा शुक्ला, कनिष्ठ सहयोगी वैज्ञानिक लेखक, इंडेजीन, बैंगलोर ने प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर किया। वेबिनार ने एक इंटरैक्टिव दृष्टिकोण अपनाया जिसने छात्रों को उनकी परीक्षा की तैयारी को अनुकूलित करने, सफलता की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए मूल्यवान सुझाव, रणनीति व अध्ययन संसाधन प्रदान किए। शुक्ला ने परीक्षा के सभी पहलुओं को भी कवर किया। जिसमें पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न मुख्य रूप से शामिल रहे।

### छात्रों की सफलता के प्रति समर्पण की पुष्टि की

प्रिंसीपल डॉ.अश्वनी कुमार ने छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को प्राप्त करने में समर्थन देने के बारे में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने छात्रों को सशक्त बनाने, उन्हें उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों व ज्ञान से लैस करने के हमारे चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में ऑनलाइन वेबिनार की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। कॉलेज के अध्यक्ष सीए एसके जिंदल ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों की सफलता के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि की। इस तरह की पहल न केवल प्रतिभा के पोषण के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि फार्मास्युटिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी भूमिका के लिए एक प्रमाण पत्र के रूप में भी काम करती है।



### छात्र राहुल और गौरव ने अंतरराष्ट्रीय जर्नल में अपना शोधपत्र किया प्रकाशित

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के एम.कॉम प्रथम और अंतिम वर्ष के छात्रों राहुल और गौरव के शोध पत्र एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित होने पर उन्हें प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने बधाई दी है। दोनों छात्रों का सोमवार को कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता सिद्ध हुई है। मौके पर वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. जसविंदर कौर ने वाणिज्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राहुल और गौरव की सराहना की। मौके पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी और प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कॉलेज प्रबंधन की ओर से वाणिज्य विभाग के छात्रों गौरव और राहुल को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। कॉलेज में छात्रों के सम्मान दौरान डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ.अशोक खुराना, डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा, डॉ. हेमंत मिश्रा, डॉ. श्वेता और प्रो. जसप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 96 विद्यार्थियों को वितरित की गई पुस्तकें

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**



**यमुनानगर।** यमुनानगर के सरकारी स्कूल बापा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में सोमवार को निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल सुभाष चंद ने की। कार्यक्रम में कक्षा छठी से आठवीं तक के 96 विद्यार्थियों को मुफ्त पुस्तकें प्रदान की गई।

इस अवसर पर प्रिंसिपल सुभाष चंद्र ने बताया कि कक्षा पहली से आठवीं तक मुफ्त पुस्तकें प्रदान करना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत में ही पुस्तकें हर सरकारी विद्यालय पहुंच चुकी हैं। प्रदेश सरकार के इस कदम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से छुटकारा मिला है, क्योंकि बाजार में उपलब्ध पुस्तकें बहुत महंगी है। बच्चों के अभिभावकों द्वारा बाजार से महंगे दामों पर पुस्तक खरीदनी पड़ती है। जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा मुफ्त पुस्तकें प्रदान करना सराहनीय कदम है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चों का दाखिला नजदीक के सरकारी स्कूलों में करवाएं। जहां पर कक्षा पहली से आठवीं तक कोई फीस देने की जरूरत नहीं है। बच्चों को मुफ्त भोजन भी वितरित किया जा रहा है। वर्दी के पैसे भी बच्चों के खाते में डाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राकेश पांचाल, योगेश शर्मा, विवेक छाबड़ा, सुरेश वर्मा, प्रवीन, दीपचंद, राजेंद्र मलिक आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

■ गांव सुढैल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**



**यमुनानगर।** गांव सुढैल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते मुख्यातिथि।

गाँव सुढैल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में इनेलो प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढैल उपस्थित हुए। शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मुख्यातिथि ने रक्तदान करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाया। रक्तदान शिविर के आयोजक अनुज महला ने बताया कि समय-समय पर गांव में शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में रवीश महला, राजेश दहिया, मामचंद लाठर, प्रिंस महला, राकेश शर्मा, सुखदेव दहिया, संजू मसाना, नीरज शर्मा, रोमी दहिया, सुखविंदर भुरा, रोहित लाठर, अनिल दहिया आदि ने रक्तदान किया।

## महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज ने दूसरे दिन भी दी नाम दीक्षा

# कर लो दीदार महाराज आए हैं.. भजन पर झूमे श्रद्धालु

■ श्री लाल द्वारा मंदिर में आयोजित दो दिवसीय समागम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**



**यमुनानगर।** श्रीलालद्वारा मंदिर में दो दिवसीय समारोह के अवसर पर महाराज का आर्शीवाद लेते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लेने को लेकर आज दूसरे दिन सोमवार को भी श्रद्धालुओं का तांता श्रीलाल द्वारा मंदिर में लगा रहा। यमुनानगर जिला के अलावा सहारनपुर, पेहवा, पानीपत, नीलोखेड़ी, चंडीगढ़ व अंबाला के हजारों श्रद्धालु इस दो दिवसीय समागम में यहां पहुंचे। सोमवार सुबह से ही दूसरे दिन भी महाराज के दर्शन करने को लेकर श्रद्धालु लाइनों में लगने आरंभ हो गए थे। सुबह पहले महाराज ने नाम दीक्षा लेने वाले श्रद्धालुओं को गुरु मंत्र दिया। इसके बाद अन्य श्रद्धालुओं को दर्शन व आशीर्वाद दिया। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने कर लो दीदार महाराज आए हैं, भर लो झोलियां महाराज आए हैं... भजन गाया जिस पर सभी श्रद्धालुओं मंत्र मुक्त हो गए और झूमने लगे। महाराज ने बताया कि वृंदावन में स्थित आश्रम को नया रूप दिया गया है और वहां ठहरने की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार हरिद्वार में स्थित आश्रम में भी श्रद्धालुओं को हर सुविधा प्रदान की जा रही है।

### प्रभात फेरिया के आयोजन पर सेवकों को बधाई दी

मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश मेहता, वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा व महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि महाराज का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके यहां आने से श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने प्रभात फेरिया के सफल आयोजन पर भी सेवकों को पीठ थपथपाई। साथ ही दो दिवसीय समागम के सफल आयोजन पर भी सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। मौके पर सतपाल अरोड़ा, आचार्य गोपाल राज पंडित, पंडित रजनीश शर्मा, पंडित आदेश शास्त्री, पंडित हरिप्रसाद, घनश्याम शर्मा, अजय वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कम्युनिटी सेंटर में कव्वाली पर झूमे श्रोता

■ शहर की रेलवे कॉलोनी में महफिल-ए-मामू आल्हा बख्श का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**



**यमुनानगर।** रेलवे कॉलोनी में आयोजित कव्वाली कार्यक्रम में कव्वालियां गाते कव्वाल और हाजिरी भरते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

शहर की रेलवे कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में गत रात्रि महफिल-ए-मामू आल्हा बख्श कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगोह के मशहूर कव्वाल नसीर गंगोही एंड पार्टी द्वारा मामू अल्हा बख्श की शान में एक से बढ़कर एक सूफियाना कलाम पढ़ते हुए कव्वालियां पेश की गई। कार्यक्रम के आयोजक तेजपाल चौहान व नितेश कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं ने मामू अल्हा बख्श के दर पर माथा टेककर आशर्वाद लिया। इस दौरान भगत मोहनलाल के सान्निध्य में भगत पन्ना लाल,भगत राममूर्ति, भगत मनजीत सिंह,भगत विक्रम कबीर सिंह और भगत श्याम लाल गद्दी पर विराजमान हुए। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्तों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ मामू साहब का बोलबाला हो... के पवित्र उद्घोष से आरंभ हुआ। इस महफिल में कव्वालों ने कई यादगार कव्वालियां सुनाई। जिनमें ये तेरा करम है मामू पिया, मुझे क्या से क्या बना दिया....तेरा दामन न छोडेगें मामू गंगोह वाले...आप रूठे तो मनाने में मजा आता है जैसी कव्वालियां सुनाकर समां बांध दिया।

## खबर संक्षेप



### चुनाव को लेकर पुलिस निकाला फ्लैग मार्च

**कुरुक्षेत्र।** लोकसभा चुनाव के मध्यनजर लाडवा व शाहबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मई प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं।

### भजन संध्या एवं भंडारे का किया आयोजन

**थानेसर।** श्रीकुरुक्षेत्र जीर्णोद्धार समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित गीता भवन ट्रस्ट परिसर में सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के वाईज चेयरमैन केके गुप्ता पटियाला वाले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन इंद्रजीत चोपड़ा द्वारा ज्योत प्रज्वलित करके किया।

### स्थापना पर गिनाई केयू विवि की उपलब्धियां

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के 4 वर्ष बाद 1961 में गणित विभाग की स्थापना हुई और अब इसकी स्थापना के 63 वर्ष पूरे हो गये हैं। विभाग की इस उल्लेखनीय यात्रा एवं उपलब्धियों पर उन्होंने बधाई दी। पिछले 5 वर्षों में गणित विभाग ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और उच्च प्रभाव कारक जर्नल में 135 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए।

### निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया

**कुरुक्षेत्र।** विश्व होम्योपैथिक दिवस आयोजन की श्रृंखला में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र द्वारा सोमवार को ब्रह्म सरोवर के तट पर सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर जनसामान्य के लिए निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 250 के लगभग मरीजों ने इसका लाभ उठाया।

### हर मतदाता करे अपने मत का प्रयोग : श्याम

**कुरुक्षेत्र।** हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। लोकतंत्र के इस पावन पर्व में हिस्सा लेना हर मतदाता का कर्तव्य बनता है। मेरी वोट से क्या फर्क पड़ता है इस सोच को छोडना चाहिए। ये विचार पूर्व छात्र परिषद, विद्या भारती हरियाणा द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में अभियान संयोजक श्याम रावत ने रखे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मतदान कर हम अपने पसंद के राजनैतिक दल को चुनकर देश को विकसित बनाने में सहयोग कर सकते हैं।

### वर्ल्ड हेल्थ डे पर छात्रों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर भगवान परशुराम कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा एक लेक्चर का आयोजन किया गया जिसका विषय हेल्थ एंड बैलेंसड डाइट रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डी.एन. कॉलेज कुरुक्षेत्र के होम साइंस डिपार्टमेंट से डॉ. श्वेता सैनी रही। अपने व्याख्यान में डॉ. श्वेता ने बैलेंस डाइट से संबंधित कई पहलुओं को छुआ और कई मान्यताओं व धारणाओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### रोड शो से पहले उखाड़े आप पोस्टर, जताया रोष

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी द्वारा सोमवार शाम निकाले जाने वाले रोड शो से पहले दोपहर को नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पार्टी के पोस्टर उतारे जाने का आप कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए इसकी शिकायत असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर थानेसर कुरुक्षेत्र को दी। शिकायत में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़ कार्रवाई की मांग की।

# भद्रकाली मंदिर से 5100 कलश, 1100 झंडे व 52 त्रिशूल के साथ निकली शोभायात्रा

## शोभायात्रा को राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने नारियल फोड़ कर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में आकर्षक झांकी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में 16 दिनों तक चलने वाले नवरात्रि महोत्सव की भव्य शुरुआत हुई। नवरात्र को लेकर सोमवार को भद्रकाली मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह पांच बजे मंगला आरती की गई। मंगला आरती के बाद भद्रकाली सेवक मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र वालिया व पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने सभी सेवकों के साथ कलश स्थापना की। दोपहर को शोभायात्रा को राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने नारियल फोड़ कर व हरी झंडी दिखाकर नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया जिसके बाद हरे झंडे को शक्ति द्वार ध्वज स्तम्भ पर स्थापित किया गया। शोभायात्रा में माँ भद्रकाली ज्योति रथ, 5100 कलशधारी महिलाए, 1100 झंडे, 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल, 11 गोल ध्वज पताका, 52 विशेष "जय माँ" छतरी भी माँ भद्रकाली जी की शोभा को बढ़ाती हुई दिखाई दी, 21 ढोल, पाइप बैंड बाजा, माँ काली के 8 स्वरूपों को दर्शाते माँ भवानी के विभिन्न रथ, सिंदूरी हनुमान, बाहुबली हनुमान, छह बंदर, कुल 26 रथों पर भारत माता, श्री गणेश, हनुमान, नवदुर्गा, लक्ष्मी जी, महाकाली जी, सरस्वती जी, महिषासुर मर्दिनी, राधा कृष्ण, यशोदा कृष्ण, अयोध्या धाम को दर्शाता राम दरबार रथ, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महिला शक्ति को दर्शाती विशेष झांसी की रानी झांकी, हरियाणा पंजाब के विशेष जनता बैंड, हीरा बैंड, लक्ष्मी बैंड इत्यादि सम्मिलित थे। संध्याकालीन महाआरती एवं ज्योति प्रतिस्थापना में मुख्य यजमान के रूप में डॉ अशोक अरोड़ा, जे.के अरोड़ा, जया शारदा, अतिरिक्त उपायुक्त कैथल व शांतनु शर्मा, उपायुक्त कुरुक्षेत्र भी शामिल हुए।

### प्रथम नवरात्र पर आज होगी मां शैलपुत्री की पूजा

नवरात्रि के प्रत्येक दिन माँ अंबे के अलग स्वरूप की पूजा अर्चना की जाती है। पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा होती है। माता शैलपुत्री ने पर्वत राज हिमालय के घर जन्म लिया था। जिस कारण से उन्हें शैलपुत्री नाम से जाना गया। माता के इस स्वरुप का वाहन बैल है। माता का ये रूप करुणा और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। प्रथम दिन सुबह सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर उस पर माता की प्रतिमा स्थापित करें। माँ को धुप दीप दिखाएं और उन्हें लाल रंग के फूल अर्पित करें। देवी माँ को फल और मिठाई का भोग लगाएं। अंत में माता शैलपुत्री के मंत्र का जाप करें। पीठाध्यक्ष ने सभी भक्तों को प्रथम नवरात्र को होने वाले हिन्दू नव वर्ष अभिनंदन आतिशबाजी उत्सव में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

### शोभायात्रा का किया स्वागत

ज्योति रथ के रूट में जगह जगह भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। सेवादारों द्वारा भी शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए जगह जगह पंडाल लगाए गए जिसमें शीतल जल व खाने पीने की वस्तुएं वितरित की गई। शोभायात्रा रोटरी चौक, पुराने बस स्टैंड, अम्बेडकर चौक, सेक्टर 17 मार्किट, वालिया बिल्डिंग, गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, अमीन रोड, छटी पातशाही गुरुद्वारा, पालिका बाजार, सीकरी चौक, छोटा बाजार होते हुए वापिस माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में सांय 6 बजे प्रतिस्थापित हुई।

### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर शिमला देवी, प्रो हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, धर्मपाल गोयल, मीना जोशी, डॉ संजय शर्मा, स्नेहिल शर्मा, देवांशु शर्मा, डॉ अन्नु पॉल शर्मा, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, संजीव मित्तल, एम के मौदगिल, रामपाल लाठर, सुनील शर्मा, आशीष दीक्षित, ऋषि तोमर, कृष्ण माटा, जीवन मौदगिल, रेशमा, हाकम चौधरी, अर्जुन नरकातारी इत्यादि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ चैत्र चौदस मेला, श्रद्धा के रंग में रंगे श्रद्धालु

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली पिहोवा के सरस्वती तीर्थ के सरोवर में श्रद्धालुओं द्वारा चैत्र चौदस मेले की अमावस पर धार्मिक स्नान किया गया। श्रद्धालुओं के इस धार्मिक स्नान के साथ चैत्र चौदस मेला शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चैत्र चौदस के पावन अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने पावन सरस्वती तीर्थ में स्नान, पूजा व पिंडदान करके अपने पितरों की अक्षय मोक्ष की कामना की। चैत्र चौदस पर पिंडदान का विशेष महत्व होने के कारण लाखों की संख्या में श्रद्धालु पावन सरस्वती तीर्थ पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पुरोहितों से वंशावली भी देखी। चैत्र चौदस का पक्ष आरंभ होते ही श्रद्धालु सरस्वती मां की जय जयकार करते हुए पावन सरस्वती तीर्थ पर स्नान के लिए पहुंचे व पावन जल में श्रद्धा की डुबकी लगा अपने पितरों को जल अर्पित किया। चैत्र चौदस पर पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि यहां पर जो भी श्रद्धालु अपने पितरों का पिंडदान व उनको जल अर्पण करते है तो उनके पितर प्रसन्न होकर परिवार में सुख समृद्धि की वर्षा करते हैं। श्रद्धालुओं ने पिंडदान के बाद प्रेत पीपल पर जल व स्वामी कार्तिकेय मंदिर में तेल व दरगाही शाह पर घोड़े चढ़ाए। श्रद्धालुओं ने पावन सरस्वती तट पर दीप दान भी किया, जिससे सरोवर का दृश्य मनोहारी हो गया। चैत्र चौदस मेले में पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंचे लेकिन सबसे ज्यादा संख्या पंजाब से आने वाले सिख श्रद्धालुओं की रही। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों व गुरुद्वारों में पूजा अर्चना भी की। मेला प्रशासक उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। मेले में तैनात अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया करवाने में लगे रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रियों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई गई। इस मेले में किसी भी श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से परेशानी नहीं आने दी गई। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी निरंतर मेला क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे।

चैत्र चौदस मेले में आए श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा रात को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने गीतों व भजनों के माध्यम से जहां लोगों को परमात्मा का संदेश दिया।



### भंडारों से की श्रद्धालुओं की सेवा

पावन चैत्र चौदस मेले में पहुंचे यात्रियों की सेवा के लिए नगर वासियों व विभिन्न शहरों से आए लोगों ने जगह जगह भंडारे लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन करवाया। भंडारों का आलम यह था कि सरस्वती तीर्थ, पवन मार्किट कमेटी, गोल मार्केट, अंबाला रोड, अनाज मंडी, गुहला रोड, गुरुद्वारा रोड, प्राची तीर्थ, ब्रह्म योनि सहित स्थान स्थान पर भंडारे लगाए गए थे, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



कुरुक्षेत्र। प्रसाद वितरित करती इनेलो नेत्री तनुजा। 8केयूके08

### इनेलो नेत्री ने श्रद्धालुओ को वितरित किया प्रसाद

**कुरुक्षेत्र।** नवरात्र के उपलक्ष्य में मां भद्रकाली मंदिर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह पर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों ने जलपान छोले पुरी व प्रसाद का लंगर लगाया तो वहीं इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की महिला विंग की जिला अध्यक्ष तनुजा द्वारा भी छोले पूरी, हलवा, आदि का भंडारा लगाया गया। तनुजा ने कहा कि हिंदू धर्म में नवरात्रों का विशेष महत्व रहता है। तनुजा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कहा जाता है कि देवी दुर्गा ने आश्विन के महीने में महिषासुर पर आक्रमण कर उससे नौ दिनों तक युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। इसलिए इन नौ दिनों को शक्ति की आराधना के लिए समर्पित कर दिया गया। आश्विन मास में शरद ऋतु का प्रारंभ हो जाता है, इसलिए इसे शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि की साधना आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाती है।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### गीता निकेतन में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय,कुरुक्षेत्र के लवकुश छात्रावास में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ हवन व स्वस्ति वाचन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने नई ऊर्जा और उत्साह से पवित्र हवन में आहुति डाली तथा नए सत्र की सफलता हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं एवं ग्यारहवीं के नव प्रविष्ट विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं आचार्यों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ आगामी सत्र के लिए शुभकामना दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के आग्रह पर विशेष रूप से आमंत्रित हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने अपने आशीर्वचनों से सभी छात्रों को नव सत्र हेतु शुभ कामना दी एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए खुद पर विश्वास रखते हुए कड़ी मेहनत करने एवं गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराते हुए छात्रों को प्रकृति में नवीनता की महत्ता और स्वयं के लिए हमेशा नया करते रहने के साथ ही छात्रों को बुद्धि के गुण और प्रकार बताते हुए तैलीय बुद्धि को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस ने देश को ठगने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि देश की जनता मौका परस्त इंडि गठबंधन की हकीकत को जान चुकी है और कांग्रेस से भी इसका विश्वास उठ गया है। 60 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस ने हमेशा सत्ता के लिए जनता को गुमराह किया और झूठे सब जबाग दिखाकर ठगने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में डबल इंजन की सरकार ने हर क्षेत्र में समाज के हर वर्ग का उत्थान करने के लिए कार्यक्रम बनाए और जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। जिससे भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को जिताने का इलाके की जनता ने मन बना लिया है। वे शहर में मिशन 2024 लोकसभा चुनाव के मध्यनजर हर घर सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत लोगों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताविक लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार की नीतियों व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में जो जनहितैषी योजनाएं चल रही हैं।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कुरुक्षेत्र में निकाला रोड शो

- इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में निकाला रोड शो
- हरियाणा, पंजाब और दल्लिी में सच्चाई की जीत जगेगी : मान

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में मेगा रोड शो में शिरकत की। जेल का जवाब वोट से देंगे नारे के साथ जाट धर्मशाला से शुरु होकर पुराना बस स्टैंड तक रोड शो निकाला गया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में प्रचार किया। रोड शो में कुरुक्षेत्र लोकसभा के सभी हलकों से आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक कुरुक्षेत्र पहुंचे। इस दौरान पूरा शहर आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भर गया। शहर के हर चौक चौराहे पर समर्थकों की भारी भीड़ रही और जनता ने पूरे रास्ते फूलों की वर्षा से सरदार भगवंत मान का स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी और पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। बच्चों के दांतों का चेकअप करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### दांतों की नियमित जांच करवानी चाहिए : माधविका

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन डा. माधविका खुराना दंत चिकित्सक पॉली क्लीनिक सेक्टर 4 द्वारा मां यशोदा गोपाल वाटिका में किया गया। इस अवसर पर बच्चों को टूथब्रश की ड्राइंग में कलर प्रतियोगिता करवाई गई और डेंटल किट इनाम में बांटी गई। बच्चों व स्टॉफ को दांतों की देखभाल, उचित ब्रश, खान पान व दांतों की बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। वाटिका की संचालिका राज पंवार ने डा. माधविका का आभार जताया। डा. माधविका ने कहा कि छोटे बच्चों को दांतों की सुरक्षा की ज्यादा जरूरत होती है और बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं संभाले ताकि बच्चों के दांतों की बीमारियों की प्रारंभिक स्तर पर ही रोकथाम हो सके। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के दांतों की सही देखभाल न होने के कारण उसमें दांत खराब होने के साथ-साथ मसूड़ों में गलन पैदा होने की समस्या होने लगती है।

## उदयन केयर में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का किया आयोजन

# छात्राओं को बताए विज्ञान में रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उदयन शालिनी फेलोशिप कुरूक्षेत्र ने बारहवी कक्षा के पश्चात विभिन्न पाठ्यक्रमों के आधार पर किस स्नातक में करियर पथ के प्रति सशक्त बनाने और मार्गदर्शन करने के लिए करियर काउंसलिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन उदयन केयर सेक्टर सात में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं पास शालिनियो को उपयुक्त करियर विकल्पों को समझने और उन्हें प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने में सहायता करना था। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे जिन्होंने उत्सुक शालिनियो के साथ अमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन साझा किया। पलवल कॉलेज की कॉमर्स की प्रवाचक डॉ. सीमा ने वाणिज्य स्ट्रीम के शालिनियो को उचित सलाह दी, प्रवेश प्रक्रियाओं पर आवश्यक जानकारी दी और प्रवेश फॉर्म भरने में सामान्य गलतियों के प्रति आगाह किया। कोर कमेटी सदस्य दीपक चिब ने विज्ञान प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे मेडिकल और विज्ञान स्ट्रीम के छात्राओं के लिए मार्गदर्शन केंद्रित किया। उन्होंने प्रभावी परीक्षा तैयारी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया और विज्ञान के प्रति उत्साही छात्राओं के लिए उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों पर प्रकाश डाला। यूएसएफ की समन्यक प्रोफेसर सुषमा शर्मा और सह-समन्यक प्रोफेसर राम निवास ने मानविकी स्ट्रीम के शालिनियो की काउंसलिंग का कार्यभार संभाला। उन्होंने करियर काउंसलिंग की बारीकियों को समझा और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में किरमिच, शाहबाद, करनाल, पिपली, कुरूक्षेत्र, लाडवा और इस्माइलाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 35 उत्साही शालिनियो ने भाग लिया।

### छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यशाला ने न केवल छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, बल्कि उनमें अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रा शुरू करने के लिए आत्मविश्वास और दिशा की भावना भी पैदा की। इस तरह की पहल युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए पोषित और सशक्त बनाने में उदयन शालिनी फेलोशिप जैसे संगठनों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

**खबर संक्षेप**

## देशी पिस्टल व दो रौंद सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज फायर कर हत्या के प्रयास के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी मंयक को देशी पिस्टल व दो रौंद सहित गिरफ्तार किया है। कांसापुर के गुरनाम सिंह ने 4 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने पिस्टल से फायर कर उसका व उसके परिवार के सदस्यों की हत्या का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## फायर करने के मामले में आरोपी काबू

थाना सेक्टर-9 में दर्ज ईंटो से हमला करने व जान से मारने की नीयत से बंदूक से फायर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विपिन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सात आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। परशुराम कॉलोनी के प्रदीप कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित उर्फ गुल्लू, गौतम उर्फ गुडडू व अन्य ने 3 मार्च 2024 को उसके घर पर ईंटों से हमला करके तथा जान से मारने की नीयत से बंदूक द्वारा फायर करके जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

## 184 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमन उर्फ वासू को अपनी कार में रखी (184 बोतल) शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की अवैध तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

## दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज शादी का झांसा देकर महिला दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी पिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 6 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पिंद्र सिंह ने शादी का झांसा देकर उससे दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है।

## आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी अक्षय को शामिल जांच किया है। गांव जमाल माजरा के सलिंद्र सिंह ने 14 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव सिरसगढ़ के पास आरोपी कार चालक ने उसके पुत्र को टक्कर मार कर घायल कर दिया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## छात्राओं को मतदान के बारे किया जागरूक

**बराड़ा।** एसएमएस गर्ल्स कॉलेज में मतदान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें प्रिसिंपल डॉ. इंदू विज के नेतृत्व में कॉलेज छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कॉलेज की लड़कियों को कहा कि वह सब अपने मत का अवश्य प्रयोग करें तथा ऐसी सरकार चुने जो देश के विकास में कारगर हो।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# रिपोर्ट कार्ड दिखाने के बजाय धर्म की राजनीति करने पर लगे मोदी

रोहित जैन ने जन संपर्क अभियान के तहत सोमवार को अंबाला शहर के जैन नगर वासियों से संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने जन संपर्क अभियान के तहत सोमवार को अंबाला शहर के जैन नगर वासियों से संवाद किया। जैन ने कहा की आज भाजपा सरकार को केंद्र मे दस वर्ष हो गए है लेकिन अब दस वर्ष बाद भी प्रधान मंत्री मोदी अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने व रिपोर्ट कार्ड दिखाने की ब्जाय धर्म की राजनीति करने पर लगे हुए हैं। हालात यह है की भाजपा जितना मर्जी 400 पार का नारा लगा ले लेकिन असलियत मे भाजपा की हालत खस्ता है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा जो न्याय पत्र के रूप मे क्रांतिकारी घोषणा पत्र जारी किया गया है वह दिखाता है की कॉंग्रेस की प्राथमिकता क्या है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर विरोधी भी कह रहे है की यह बहुत ही व्यापक दृष्टिकोण वाला घोषणा पत्र है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र मे युवा न्याय मे हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार, तीस लाख सरकारी नौकरियां, पेपर लीक से मुक्ति, गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और सम्पूर्ण सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपए का नया स्टार्ट-अप फंड की घोषणा की है, नारी न्याय मे गरीब परिवार की एक महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण, आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज़्यादा सैलरी दोगुने सरकारी योगदान से, महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली हर पंचायत में, कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुने हॉस्टल, किसान न्याय मे एमएसपी की कानूनी गारंटी स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ, क़र्ज़ माफ़ी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग, फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर, आयात-निर्यात नीति - किसानों की सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी, किसानी के लिए जरूरी हर चीज से जीएसटी हटेगी, श्रमिक न्याय में दैनिक मजदूरी कम से कम 400 रुपए जो मनरेगा में भी लागू होगी, सभी श्रमिकों का 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर, शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना, असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद, हिस्सेदारी न्याय में सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति हर वर्ग की गिनती, संवैधानिक संशोधन द्वारा 50% सीमा हटाकर एससी,एसटी व ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक, जितनी एससी व एसटी जनसंख्या, उतना बजट; यानी ज़्यादा हिस्सेदारी, वन अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला व कांग्रेस उन बस्तियों को अनुसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित करेगी जहां आदिवासी सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं आदि पर विशेष बल दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता तरुण चुघ, पवन सोनी, राजीव जैन, एडवोकेट दविंद्र सांगवान, एडवोकेट संदीप शर्मा , एडवोकेट गौरव कुकरेजा, एडवोकेट अनमोल सैनी, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, राजन मेहंदीरता, रोहित गर्ग, अजय गौड़ , रिंकू कंबोज, नमन जैन, उमेश छाबड़ा, उज्ज्वल गर्ग भी मौजूद थे।


**अंबाला।** लोगों से संवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।


**बराड़ा।** मैराथन को शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाते हुए।

# पांच किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा ने बाजी मारी

- महिला वर्ग में अस्मिता भारद्वाज रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क, सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), एक सोच नई सोच व अन्य एनजीओ के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि मार्कंडेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, मुलाना के परिसर में मैराथन दौड़ और अन्य खेल गतिविधिओं का आयोजन किया गया। मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम वाले इस आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीके. अग्रवाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए यमुनानगर से डॉ. विक्रम भारती ने शिरकत की। डॉ. भारती ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी विजेता है, जिसने इस कार्यक्रम में भाग लेकर अच्छे स्वास्थ्य के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग किया है । उन्होंने स्वास्थ्य की समग्र प्रकृति पर जोर देते हुए मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के कल्याण को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में नव्या खन्ना और अर्नवी रौथाण प्रमुख आयोजकों ने संपूर्ण आईएमए-एमएसएन राज्य परिषद और समर्पित स्वयंसेवकों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएमए-हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, आईएमए के सचिव डॉ. धीरेंद्र सोनी, आईएमए-एमएसएन की राज्य अध्यक्ष डॉ. पुनिता हसीजा और आईएमए से डॉ. राजीव गुप्ता द्वारा अथक समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस भव्य सफलता के सूत्रधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैराथन दौड़ में 5 किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा, महिला वर्ग में अस्मिता भारद्वाज, पीजी और फैकल्टी वर्ग में डॉ. परकित सिंह और 2 किमी में शीर्ष 3 विजेता शिवम, प्रियांक और डॉ. फरीद असलम रहे। प्राचार्य डॉ. बीके. अग्रवाल ने सभी सम्मानित सह-प्रायोजकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हुआ कहा की जिनके उदार समर्थन ने इस आयोजन को संभव बनाया। इस अवसर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के स्टेट कोऑर्डिनेटर, सदस्य तुषार बक्शी, नवीन गुप्ता, वीरेंद्र सिंह ने अपनी सह-प्रायोजक कंपनी के सभी प्रतिभागियों और टीम के सदस्यों को ऊर्जा वर्धक जूस पेक उपहार स्वरूप भेंट किए।

# पहले दिन 270 क्विंटल गेहूं की खरीद

- नौ किसान पहले दिन मंडी में लेकर पहुंचे थे फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अनाज मंडी में सोमवार से गेंहू की सरकारी खरीद शुरू हो गई। खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने मंडी में से 270 क्विंटल गेंहू की खरीद की। मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र के 9 किसान अपनी गेंहू की फसल लेकर मंडी में बेचने आए थे। इनमें से 8 किसानों की गेंहू जो कि बिल्कुल सूखी थी। खाद्य एवम आपूर्ति विभाग ने सरकारी दर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद लिया। उन्होंने बताया कि गेंहू की एक ढेरी में ज्यादा नमी होने के चलते उसकी खरीद नहीं की गई। बता दें कि प्रदेश सरकार ने अनाज मंडी में गेंहू की सरकारी खरीद करने का जिम्मा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा हैफेड को दिया है। सोमवार,बुधवार, वीरवार तथा शुक्रवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गेंहू की सरकारी खरीद करेगा तथा मंगलवार व शनिवार को सरकारी खरीद का जिम्मा सरकारी एजेंसी हैफेड को दिया गया है।


**नारायणगढ।** गेंहू की सरकारी खरीद करते अधिकारी।

# कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर सजाई जश्न-ए-कुरान की महफिल

- इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की रणजीत नगर स्थित बादशाही मस्जिद में सोमवार को रमजान की 27वीं तारीख को तरावीह में कुरान शरीफ मुकम्मल हो गया। इस सिलसिले में जश्न-ए-कुरान की महफिल सजाई गई। मदरसा गौसिया रजवीया फैजाने तवक्कल शाह से जुड़े हाफिज इरफान अली ने कुरान सुनाया। इसी दिन रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद फारूक व जनरल सैकेटरी मो. नौशाद की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। तरावीह के बाद नात-ओ-मनकबत पेश की गई। इस दौरान इमाम बादशाही मस्जिद मौलाना अंसार अहमद रजा ने रोजा, नमाज ओर परहेजगारी पर जोर दिया। रमजान की फजीलत भी बयां की। आखिर में फातेहा व सलाम के साथ महफिल मुकम्मल हुई। इस दौरान रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि कमेटी की तरफ से तरावीह में कुरान सुनाने वाले हाफिज इरफान अली को तोहफे में उमरा का टिकट दिया गया।



**अंबाला।** कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर एक दूसरे को बधाई देते मुस्लिम व इफ्तार पार्टी में शामिल लोग।

# नशीली दवाई छिड़क कर नौकर-नौकरानी घर से कीमती गहने चोरी कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

घर के काम पर रखे नौकर-नौकरानी सोते हुए परिवार पर नशीली दवा का छिड़काव करके लाखों रुपए के जेवर चोरी कर फरार हो गए। घटना अंबाला कैंट के ऐलान बाइलेन की है। नौकर-नौकरानी को कुछ दिन पहले काम पर रखा था, तीसरे दिन रात को चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दोनों आरोपियों को रखने से पहले पुलिस जांच नहीं कराई थी। चोरी की वारदात के बाद मकान मालिक ने पुलिस को शिकायत दी है। अंबाला कैंट के ऐलन बाइलेन के लोकेश आनंद ने बताया कि उसने 4 अप्रैल को अपने घर पर काम करने के लिए नौकर और नौकरानी को रखा था। नौकर ने अपना नाम सुरेंद्र लाल बताया था और महिला ने अपना नाम सुखविंदर कौर बताया। मकान मालिक को दोनों ने बताया था कि वे पटियाला के महिंदर नगर के रहने वाले हैं। दोनों को 4 अप्रैल को रखा था और 6 अप्रैल की रात को वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात को नौकर व नौकरानी ने उसके, उसके भाई साहिल, माता रमेश आनंद व पत्नी ज्योति आनंद पर सोते हुए किसी नशीली दवा का छिड़काव कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि रसोई की जाली काटकर अंदर घुसे और उसकी माता के गले में पहनी सोने की चैन (जिसमें डायमंड व गोल्ड पैंडल था) उतार कर ले गए।

# पोस्टर मेकिंग में मनप्रीत ने मारी बाजी

- प्रेरणा को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एमडीएसडी कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था जीवन बचाना मूल्यवान जीवन के बारे में विद्यार्थियों को शिक्षित, संवेदनशील व जानकार बनाना था। दुर्घटनाओं के कर्म को कम करना तथा सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप होने वाली मृत्यु और चोटों को कम करना और सड़क के बुनियादी ढांचे को सुरक्षित और अधिक कुशल बनाना है। प्रतियोगिता में बीए सेकेंड यीअर की मनप्रीत प्रथम स्थान पर रही। बीए फर्स्ट यीअर की प्रेरणा द्वितीय स्थान पर रही। बीए फर्स्ट यीअर की अंजलि तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने इस प्रतियोगिता की आयोजक डॉ. कौशल चौहान व डॉक्टर मंजू तोमर को सफल संचालन पर बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।


**अंबाला।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए छात्र।

# हाथापाई के दौरान धक्का लग गिरे व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

- मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज
- बेटी से चैटिंग करने पर खफा हो कर आरोपित पहुंचे थे मृतक के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाउसिंग बोर्ड में घर में घुस कर हाथापाई के दौरान धक्का लग कर गिरे मकान मालिक की हृदयगति रूकने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंह बोर्ड कालोनी निवासी रविंद्र (48) को संदिग्ध हालात के चलते गंभीर हालात मे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हृदय गति रूकने से हो गई। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस अर्बन एस्टेट निवासी अमित व एक अन्य व्यक्ति उनके घर पर आए। अमित ने कहा कि उसका बेटा जतिन उसकी बेटी से चैटिंग करता है। अमित तथा उसके साथ आए व्यक्तियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उन्होंने अपने बेटे को बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके पति रविंद्र को धक्का मार दिया।

## किसानों ने रेल रोको आंदोलन किया स्थगित

**अंबाला।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीति और किसान मजदूर मोर्चा ने कल 9 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया है। दोनों मोर्चों ने पटियाला में पंजाब सरकार के साथ हुई बातचीत के बाद यह फैसला लिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने यह जानकारी दी है। पंधेर ने कहा कि हरियाणा सरकार भी बातचीत करने को तैयार है। रेलवे को आंदोलन 1 दिन के लिए स्थगित किया जाता है। 10 अप्रैल को किसान शंभू बॉर्डर पर ट्रेनों को रोकेंगे। बता दें की युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा समेत अन्य किसानों की रिहाई के लिए किसानों ने रेलवे को आंदोलन का ऐलान किया हुआ है। शंभू बॉर्डर पर आंदोलन की अगुआई कर रहे पंजाब के किसान नेता सरवण सिंह पंधेर समेत 4 किसान नेताओं को तमिलनाडु में गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को ही किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, गुरमीत सिंह मांगट, मनजीत सिंह राय व हरविंदर सिंह मसानिया तमिलनाडु पहुंचे थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## हत्या के प्रयास में आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर हत्या के प्रयास व कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने हेतू लॉकडाउन के नियमों की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलिप्त 14 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।9 मई 2020 को डेहा कॉलोनी में आरोपी अशोक, रोहित, मानव, भारत, आजाद, नीरज, मदन, श्याम, किशन, विपिन सूरज, उर्फ रघु, राजन, प्रवीण, नरेश, सन्नी, राजेश, मुकेश, कमल, बिल्ला, मोनू, गोपी, साहिल, मानव, मोंटी, सुनील व अन्य 20/25 ने कोविड-19 से बचाव हेतू कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य कर रहे पुलिस दल से झगड़ा कर सरकारी कार्य को बाधित करते हुए पत्थर व बोतलों द्वारा हमला करने का अपराधिक कार्य किया था।

### सुर संगम वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम

# उभरते गायकों ने बिखेरा आवाज का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सुर संगम वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से म्यूजिकल सिंगिंग कांटेस्ट का आयोजन किया गया। सुरों के रंग रफी के संग कार्यक्रम में गायकों ने अपनी कला प्रदर्शन कर खुब तालियां बटोरी। गायकों द्वारा प्रस्तुत गीतों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं ने इस कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों से आए गायको ने अपनी मधुर वाणी में मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले के गीत गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप शर्मा व विशिष्ट अतिथि पिंटू राणा ने सुरों की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। ओम प्रकाश पुरी ने 'दूर रहकर न करो बात करीब आ जाओ, सुनील कुमार ने तूं इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है, अलका वर्मा ने जा रे जा ओ हरजाई देखी तेरी दिलदारी, मनोज पाहवा ने जन्म-जन्म का साथ है तुम्हारा हमारा गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में परमजीत ने मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे गीत गाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि दूसरा स्थान लवली के पुकारता चला हूं मैं गीत को मिला और तेरे नाम का दीवाना गीत गाकर संजीव रोहिल्ला तीसरे स्थान पर रहे। इसी श्रृंखला में महिला वर्ग में पहला स्थान ट्विंकल को एक राधा एक मीरा गीत गाने के लिए मिला जिसे सुनकर दर्शकों ने बहुत वाहवाही की। दूसरा स्थान नेहा को तीसरा स्थान सुनीता को दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए गीत को मिला। कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश वर्मा ने सभी गायको का मनोबल बढ़ाने का अवसर प्रदान करने के लिए स्थानीय निवासियों का धन्यवाद किया।समाजसेवी हनी पाहवा ने प्रतियोगिता में पहला दूसरा तीसरा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 2100, 1100 और 500 भेंट स्वरूप दिए।



**बराडाद्ध** कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले गायकों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि।